आयोजन | सरदार पटेल पार्क सागर नाका में आयोजित हुआ लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती समारोह

# सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण





**नवभारत,दमोह. आयोजन समिति और जिले की पूरी टीम का मैं आभार व्यक्त करता हूं, जिनकी मेहनत से आज यह भव्य आयोजन संभव हुआ हैं। लंबे समय बाद इतनी बड़ी संख्या में लोग सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं, इसके लिए मैं सभी नागरिकों का धन्यवाद करता हूं। इस आशय की बात आज प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने सरदार पटेल पार्क सागर नाका में आयोजित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती समारोह के दौरान कही। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कल एकादशी है, जिसे सनातन धर्म में देवउठनी ग्यारस कहा जाता है।** इस दिन देवता पुनः जाग्रत होते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों को इस पावन अवसर की शुभकामनाएं दीं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने अपने संबोधन में रक्तदान और अंगदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्तदान की तरह ही अंगदान भी अत्यंत पुण्य का कार्य है, जिससे अनेक लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने अपने देहदान की घोषणा की है, जिसकी देह मेडिकल कॉलेज में अध्ययन हेतु रखी जाएगी। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान 151 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया था, जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों और स्वयंसेवकों ने 151 यूनिट रक्तदान किया। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा यदि हम सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो हमें आज से ही स्वदेशी के नारे को आगे बढ़ाना होगा और अखंड भारत की कल्पना को साकार करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

सांसद श्री लोधी ने बताया भारत सरकार द्वारा देश के सभी सांसदों से आग्रह किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में 10 से 15 किलोमीटर की तीन दिवसीय पदयात्रा आयोजित करें। हटा विधायक उमा देवी खटीक ने कहा जिस समय हमारा देश अनेक चुनौतियों और संकटों से जूझ रहा था, उस कठिन दौर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के पश्चात 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित और प्रेरित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि सरदार पटेल का योगदान भारत की एकता और अखंडता की नींव है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अद्भुत चातुर्यता, नीति और दृढ़ संकल्प के बल पर देश की 565 रियासतों को एक सूत्र में जोड़ा। इस अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह, भाव सिंह लोधी, विद्या सागर पांडे, मानक पटेल एवं आयोजन समिति के संयोजक लोकेन्द्र पटेल सहित अन्य वक्ताओं ने सरदार पटेल जी के जीवन पर अपने विचार रखें।

# महिला को जंगल में घसीट ले गया भालू

▸ निमहा टोला में भालू के हमले से मवेशी चराने गई महिला की मौत



**शहडोल, नवभारत।** जिले के केशवाही वन परिक्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना हुई, जहां भालू के हमले से एक महिला की मौत हो गई। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते, तब तक भालू महिला को अपने पंजों में दबाकर जंगल की ओर घसीटकर ले गया। सूत्रों के अनुसार, ग्राम निमहा टोला निवासी गुड्डी यादव (42) सुबह रोजाना की तरह अपने मवेशी चराने जंगल की ओर गई थी।

इसी दौरान झाड़ियों के पास छिपे बैठे एक जंगली भालू ने अचानक उस पर हमला कर दिया। गुड्डी यादव के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक भालू उसे जंगल के अंदर खींच ले गया। शाम होते-होते जब गुड्डी यादव घर नहीं लौटी तो ग्रामीणों ने मशालें जलाकर उसकी तलाश शुरू की।

लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद जब वे जंगल के भीतर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि भालू उसके शव के पास बैठा हुआ है और बार-बार उसके आसपास घूम रहा है।

### घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची

बताया जाता है कि घटना के बाद एकत्र हुए ग्रामीणों ने मशालें जलाकर और जोर-जोर से चिल्लाकर किसी तरह भालू को वहां से भगाया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव को जंगल से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से केशवाही और आसपास के इलाकों में भालुओं का लगातार मूवमेंट देखा जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले एक महीने में भालू दिखने की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में डर का माहौल है। वहीं ग्रामीण वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग कर रहे हैं। इस मामले में वन मंडलाधिकारी श्रृद्धा पंद्रे ने बताया कि कुछ लोग जंगल के दुर्गम क्षेत्र में बकरी मवेशी चराने गए थे।

जहां अचानक भालू ने अटैक कर दिया, जिससे एक महिला की मौत हो गई। जब भालू ने अटैक किया था उस वक्त उनके अन्य साथी वहां से जान बचाकर भाग गए थे। इस घटना के बाद वैधानिक कार्रवाई कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

▸ कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण कर दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ



नवभारत,दमोह. राष्ट्र निर्माता और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर जिलेभर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया. इस अवसर पर जिला स्तर पर प्रशासन और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रन फॉर यूनिटी का पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आयोजन किया गया.जिसमें कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, महेश पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, एडीएम मीना मसराम, रोजगार एलपी लड़िया, जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा,सीएसपी एचआर पांडे, डीएसपी सौरभ त्रिपाठी, सीएमओ राजेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, पीआरओ वाए.ए.कुरैशी,होमगार्ड कमांडर हर्ष कुमार जैन आबकारी रवींद्र खरे, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, रावेंद्र बागरी, महिला थाना रजनी शुक्ला,अंजली अग्निहोत्री, यातायात दलबीर सिंह मार्को, सूबेदार अभिनव साहू, देहात थाना रचना मिश्रा, खेल विभाग सैफुल्ला खान, पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार अठिया, पीजी कॉलेज प्राचार्य बिदौल्या, प्राचार्य डॉक्टर आलोक सोनवलकर,विपिन चौबे सहित अन्य जनप्रितिनिधि, गणमान्य नागरिक, पुलिस-प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, व शहरवासी शामिल हुए.इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पौधरोपण किया गया.

धान की फ़सल तैयार : किसान परेशान

# बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी



**नवभारत कुम्हारी। विगत सप्ताह भर से मौसम का कहर आम जन से लेकर सभी इसका दंश झेल रहे है । लगातार हो रही बारिश से धान की फसल में गिरावट देखी जा रही है । किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें छाई हुई है। मौसम ने करवट बदली और अचानक बारिश जिससे किसान परेशान है।** धान की फसल तैयार है,मगर बारिश के चलते ना तो कटाई हो पा रही है ना ही सुरक्षित किसान के पास फसल आ रही ।

इतनी मेहनत और लागत से धान की फसल तैयार होती है । मगर मौसम ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। किसानों की जानकारी के अनुसार बताया गया है । धान की फसल में लगभग 40% से ज्यादा नुकसान हो रहा है । और मौसम यदि इसी तरह बना रहा तो खेत में पड़ी हुई धान अंकुरित होने लगेगी जिससे और नुकसान बढ़ाने की संभावना है।

**अचानक बरिश से फसल की कटाई नहीं हो पा रही**

किसानों का कहना है कि अचानक मौसम ने करवट बदली और बारिश जिससे धान की फसल तैयार है,मगर बारिश के चलते ना तो कटाई हो पा रही है और किसानों अचानक बारिश से परेशान व चिंता में है।

### एक नजर में



## कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला इकाई दमोह के विशेष सहयोग से 151 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया

नवभारत,दमोह. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि सागर नाका तहसील परिसर दमयंती नगर में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर वृहद् रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में म.प्र. कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला इकाई दमोह की विशेष सहभागिता रही। शिविर में 3 महिलाओं सहित पुरूषों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया। शिविर दौरान 132 यूनिट रक्त का एकत्रण किया गया और रक्तदान जारी था। शिविर का शुभारंभ कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष महेन्द्र चौधरी एवं कार्यक्रम के संयोजक लोकेन्द्र पटेल (लकी भैया) द्वारा किया गया।




## तुलसी-शालिग्राम का लगुन उत्सव कार्यक्रम संपन्न, आज आयेंगी बारात

नवभरत,दमोह। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री तुलसा शालिगराम विवाह संपन्न होने जा रहा है.जिसमें गुरुवार रात घंटाघर स्थित श्री देव जानकी रमण बूंदाबहू मंदिर से भगवान तुलसा शालिग्राम जी की लगन लिखकर श्री देव अवध बिहारी कचेरे मंदिर में बाजे-गाजे व भक्तों के साथ आई. जिसमें यहां पर भगवान शालिग्राम जी का पूजा दर्शन टीका आदि किया गया. इसके तत्पश्चात पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक द्वारा लगुन का वाचन किया गया. इस कार्यक्रम में बूंदाबहू मंदिर के पुजारी रामेश्वर शर्मा कचेरे मंदिर के पुजारी बालमुकुंद व कार्यक्रम के प्रमुख सेवक बंधु देवेंद्र राजपूत, सुनील सहित बहुत से श्रद्धालु भक्त दोनों पक्ष के उपस्थित रहे तथा एक नवंबर दिन शनिवार को भगवान शालिग्राम जी की बारात कचेरे मंदिर से बूंदाबहू मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी.



नवभारत,दमोह. छोटा सा मासूम बच्चा अपने पिता की मदद करते हुए दिखा. वहीं उस मासूम के लिए ये एक खेल है लेकिन हमारे लिए एक बड़ी सीख.यह तस्वीर शहर के किल्लाई नाका मार्ग दमोह की बताई गई.

## हर्षोल्लास से मनाया पेंशनर्स समाज का दीपावली मिलन



**नवभारत,पथरिया/दमोह : पथरिया में पेंशनर्स समाज का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न तहसील शाखा पथरिया द्वारा शुक्रवार को गायत्री शक्ति पीठ सिद्ध पहाड़ी परिसर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। पथरिया शाखा पेंशनर्स समाज के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पेंशनर्स समाज के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।** समारोह के दौरान उपस्थित वरिष्ठ साथियों एवं जिला शाखा के पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पेंशनर्स साथियों ने आपसी सौहार्द और उत्साह के साथ दीपावली मिलन समारोह मनाया। मिलन समारोह के दौरान सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी समस्याओं और अनुभवों को साझा किया तथा पेंशनर्स हितों को ध्यान में रखते हुए शासन को आगामी योजनाओं एवं मांगों से अवगत कराने हेतु रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पेंशनर्स हितों की रक्षा संगठन की मजबूती एवं समाजिक एकता को बढ़ावा देना रहा। सभी उपस्थित सदस्यों ने ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# रिश्वत लेते धराया धनौरा का सरपंच

एक लाख मांगे, 20 हजार ले रहा था रिश्वत




**सिवनी नवभारत। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये थे। इस पर आज जबलपुर लोकायुक्त इकाई ने ट्रेप कर कार्यवाही की। सिवनी जिले के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य जनपद पंचायत धनौरा मुख्यालय की ग्राम पंचायत धनौरा सरपंच दिनेश कौरेती 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगों हाथ पकड़ा गया।**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी धनौरा निवासी गोलू बंजारा उर्फ राधेश्याम बंजारा के द्वारा बीआरसी कार्यालय के पास एक शासकीय जमीन जो कि सुमरन यादव नामक व्यक्ति से खरीदा था जहाँ पर राधेश्याम उर्फ गोलू बंजारा द्वारा मकान निर्माण कार्य कराया जा रहा था। सरपंच दिनेश कौरेती ने आपत्ति जताई एंव अवैध निर्माण कार्य को बंद करने को कहा गया था। यदि मकान बनाना है तो मुझे एक लाख रुपये देने होंगे जिसको लेकर गोलू बंजारा नामक व्यक्ति से सरपंच दिनेश कौरेती के द्वारा लगभग एक लाख रुपये की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत आवेदक राधेश्याम बंजारा द्वारा लोकायुक्त पुलिस को की गई। जिसे सत्यापन उपरांत आज दिनांक 31 अक्टूबर 25 को जिसके बाद मांग की प्रथम क़िस्त 20 हजार की राशि आरोपी सरपंच दिनेश कौरेती अपने ही घर मे लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा गया।

लोकायुक्त पुलिस ने सरपंच श्री कौरेती को पकड़ कर अग्रिम कार्यवाही हेतु धूमा रेस्टहाउस ले गई और आरोपी सरपंच के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988( संसोधन)2018 की धारा- 7,13(1)B,13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। ट्रेप दल सदस्य दल प्रभारी निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक शशि कला, निरीक्षक जितेंद्र यादव निरीक्षक एंव लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल रहा।

आक्रोश | हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं का आरोप, कसाई मंडी में उन पर हुआ हमला, पुलिस ने संभाला मोर्चा

# भैंस के बच्चे के वध की घटना को लेकर तनाव


नवभारत,दमोह. भैंस के बछड़े का वध की घटना के बाद तनाव फैल गया है और हिंदूवादी संगठन सड़कों पर आ गए. जानकारी लगते ही मौके पर सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, एसडीएम आर एल बागरी, यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को, बजरिया चौकी प्रभारी एएसआई राकेश पाठक, डीएसपी सौरभ त्रिपाठी,टीआई रचना मिश्रा सहित और जिले के थाना प्रभारी और पुलिस व वज्र वाहन के साथ मौजूद है.इस मामले में हिंदू संगठनों का आरोप है कि भैंस के बछड़े की हत्या की सूचना पर कसाई मंडी इलाके में गए गौ सेवकों पर कसाइयों ने जानलेवा हमला किया है और जैसे-तैसे वो खुद को बचकर आए.दरअसल शुक्रवार शाम दमोह के गौ सेवकों को सूचना मिली थी कि कसाई मंडी इलाके में गौ वंश को काटा जा रहा है और इस सूचना पर गौ सेवक कसाई मंडी पहुंच गए लेकिन गौ सेवकों को देखकर कसाई मंडी इलाके के लोग आक्रोशित हो गए और फिर बड़ा बबाल खड़ा हो गया. गौ सेवकों के मुताबिक यहां गौ हत्या हुई है और हिन्दू संगठन के लोगों को देखकर कसाई समुदाय के लोग आक्रोशित हुए और धारदार हथियार, देशी बम और कट्टे लेकर उन्होंने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं पर हमला बोल दिया.इनका आरोप है कि उनके ऊपर पथराव भी किया गया. संगठन के नित्या प्यासी, दीपक नेमा के मुताबिक आमने-सामने की स्थिति बन गई.लेकिन पुलिस ने कसाई मंडी से उन्हें बाहर निकाल दिया.इस घटना की सूचना जैसे ही हिंदू संगठन के और लोगों की मिली बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग सड़कों पर आ गए, पहले पुराना थाना इलाके में और फिर शहर के घंटाघर क्षेत्र में प्रदर्शन किया गया.

वहीं पुलिस कोतवाली में भी हिंदू संगठन के पदाधिकारी डेरा जमाए रहे. हिंदू नेताओं के मुताबिक कसाई मंडी इलाके में जानलेवा हमला गंभीर विषय है गौ सेवकों पर जानलेवा हमला को लेकर निंदनीय बात है.आरोप है कि एक पूर्व पार्षद और कांग्रेस नेता जो कि कसाई समुदाय से आता है मुरसलीन कुरैशी उसके नेतृत्व में कसाइयों ने हमला किया है.जबकि कुछ आदतन अपराधी कसाइयों का बड़ा समूह इस हमले में शामिल है.



फिलहाल तनाव के बीच पुलिस मोर्चा संभाले हुए है और माहौल को शांत करने ने लगी है. सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक कोतवाली पहुंचे और तत्काल कार्रवाई करने के अलावा शांति व्यवस्था के लिए फ्लैग मार्च निकालने के निर्देश दिए थे. जहां रात को ही फ्लैग मार्च निकाला गया और शांति की अपील की गई.एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मुताबिक कसाई मंडी में गौ वंश से संबंधित भैंस के बछड़े की हत्या हुई है जिसके अवशेष भी मिले हैं, पुलिस सूचना पर कार्यवाही कर रही थी और कुछ हिंदू संगठन के लोग वहां पहुंच गए. जिसके बाद उन पर हमला करने की कोशिश हुई है, पुलिस ने इस मामले में दो अपराध दर्ज किए है.पहला पशु हत्या का और दूसरा हिंदू संगठन के लोगों के साथ हुई वारदात का, पुलिस पूरे मामले पर नजर रखे हैं और शांति व्यस्था बनाने में लगी है.